# बीकानेर से दिल्ली के लिए इंडिगो की नियमित उड़ान शुरू

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर से दिल्ली के लिए इंडिगो की पहली नियमित फ्लाइट सेवा शुक्रवार को शुरू हुई। केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल तथा नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने नाल के सिविल हवाई अड्डा से हरी झंडी दिखाकर पहली फ्लाइट को रवाना किया।

मेघवाल और मोहोल ने इस फ्लाइट में बीकानेर से दिल्ली जाने वाले पहले हवाई यात्री डॉ. पुष्कर भटेजा को बोर्डिंग पास प्रदान किया। इस दौरान वहां मौजूद लोगों ने शंख की पावन ध्वनि के साथ लोक देवी-देवताओं के जयकारे लगाये। इस अवसर पर मेघवाल ने कहा कि बीकानेर से दिल्ली की नियमित उड़ान बीकानेर के विकास के लिए माइलस्टोन साबित होगी।



बीकानेर-दिल्ली नियमित उड़ान को केन्द्रीय विधि मंत्री अर्जुनराम मेघवाल और नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने इंडिगो की पहली फ्लाइट को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

- **बीकानेर के हवाई यात्रियों को दिल्ली जाने के बाद देश और दुनियां के किसी क्षेत्र में जाने की कनेक्टिविटी मिल सकेगी**
- **बीकानेर से कोलकाता, गुवाहाटी, सूरत, मुंबई और दक्षिण भारत के बड़े शहरों को हवाई सेवा से जोड़ने का प्रयास होगा**

उन्होंने कहा कि आज हमारे देश की हवाई सेवा में इंडिगो बड़ा भागीदार है। इसकी सेवाएं बीकानेर में शुरू होना बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि बीकानेर के हवाई यात्रियों को दिल्ली जाने के बाद देश और दुनियां के किसी क्षेत्र में जाने की कनेक्टिविटी मिल सकेगी।

आगामी दिनों में यात्री भार उपलब्ध की उपलब्धता के अनुसार इंडिगो द्वारा अन्य बड़े शहरों के लिए सीधी हवाई सेवा शुरू की जा सकेगी। केन्द्रीय मंत्री मेघवाल ने कहा कि बीकानेर में सोलर क्षेत्र में लगभग पचास हजार करोड़ रूपए का निवेश हो रहा है। यहां सिरेमिक और फर्टिलाइजर क्षेत्र में भी अपार संभावनाएं हैं। ऐसे में यहां से दिल्ली के लिए नियमित उड़ान की मांग लम्बे समय से थी। जिसे पूरा किया गया है। आने वाले समय में बीकानेर में नया और भव्य टर्मिनल भवन बनाया जायेगा। इसके लिए किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जायेगी। उन्होंने कहा कि बीकानेर से कोलकाता, गुवाहाटी, सूरत, मुंबई और दक्षिण भारत के बड़े शहरों से बीकानेर को हवाई सेवा से जोड़ने का प्रयास किया जायेगा।

केन्द्रीय नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने कहा कि बीकानेर समृद्ध संस्कृति और परंपराओं का शहर है। यह पर्यटन और औद्योगिक रूप से भी महत्वपूर्ण है। केन्द्रीय मंत्री मेघवाल के प्रयासों से यह शहर हवाई मार्ग से पूरे देश से जुड़ने जा रहा है। उन्होंने बताया कि नाल एयरपोर्ट विस्तार के लिए जिला प्रशासन द्वारा भूमि अधिग्रहण का कार्य कर लिया गया है। इससे जुड़ी सभी औपचारिकताएं पूर्ण करने के बाद यहां भव्य टर्मिनल भवन बनाया जायेगा। यह भवन बीकानेर की संस्कृति और परंपराओं को नई पहचान दिलाने वाला होगा।

केन्द्रीय नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गत 10 वर्षों में हवाई सेवाओं के विस्तार के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। आज हमारा देश डोमेस्टिक उड़ान के क्षेत्र में दुनियां में दूसरे नंबर पर है। 'उड़े देश का हर नागरिक' ध्येय के साथ उड़ान योजना शुरू की। इसके तहत डेढ़ करोड़ लोग देशभर में उड़ान भर रहे हैं। हाल ही के बजट में रीजनल एयर कनेक्टिविटी के तहत 120 नए हवाई अड्डे विकसित करने की घोषणा की गई है। इसके माध्यम से 4 करोड़ और लोगों को उड़ान से जोड़े जाने की योजना है।

मेघवाल ने लर्निंग बाय डूइंग संस्था द्वारा तैयार वायुयान का मॉडल केन्द्रीय नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री को भेंट किया। कार्यक्रम में एयरफोर्स नाल स्टेशन के एओसी मनोज कुमार मिश्रा, इंडिगो के निदेशक समीर कोहली, सेल्स हैड मनीष मारवाह, कलेक्टर नम्रता वृष्णि, पुलिस अधीक्षक कावेंद्र सागर, एयरपोर्ट निदेशक राजेन्द्र बघेला, श्याम पंचारिया, डॉ. सत्यप्रकाश आचार्य, अखिलेश प्रताप सिंह, मोहन सुराणा, अशोक प्रजापत, संपत पारीक, जुगल राठी, गुमान सिंह राजपुरोहित, अनिल शुक्ला, डॉ. बेगाराम बाना, सुमन छाजेड़, पंकज अग्रवाल, जेठमल नाहटा, नरेश नायक, मोहन मेघवाल और महावीर चारण सहित बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

## डॉ. सुरेन्द्र वर्मा ने चार्ज संभाला

**बीकानेर,** (कासं)। पीबीएम हॉस्पिटल के मेडिसिन विभाग के एचओडी डॉ. सुरेन्द्र कुमार वर्मा पीबीएम के 13 साल में 9 वें कार्यवाहक अधीक्षक होंगे।

चिकित्सा शिक्षा ग्रुप-1, विभाग के उपशासन सचिव शिवशंकर अग्रवाल ने इस संबंध में आदेश जारी किए। शाम को पांच बजे शुभ मुहूर्त के अनुसार वर्मा ने अधीक्षक का चार्ज संभाला। उन्हें निवर्तमान अधीक्षक डॉ. पी. के. सैनी ने चार्ज सौंपा।

डॉ. सुरेन्द्र कुमार वर्मा पीबीएम हॉस्पिटल के 1969 के बाद 27 वें अधीक्षक होंगे। डॉ. विनोद बिहाणी के बाद डॉ. सतीश कच्छावा को छोड़ दें तो डॉ. ओ. पी. श्रीवास्तव, डॉ. वीर बहादुर सिंह, डॉ. के.के. वर्मा, डॉ. सीताराम गोठवाल, डॉ. जी.एल. मीणा, डॉ. प्रमोद बेरवाल, डॉ. मोहम्मद सलीम, डॉ. परमेन्द्र सिरोही और डॉ. प्रमोद कुमार सैनी कार्यवाहक अधीक्षक ही रहे हैं। इनमें सबसे लम्बा डॉ. प्रमोद बेरवाल के बाद डॉ. पी. के. सैनी का करीब तीन साल रहा है।

डॉ. सुरेन्द्र वर्मा के चार्ज लेने पर मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. गुंजन सोनी, डॉ. अजय श्रीवास्तव, डॉ. संजीव बुरी, डॉ. नवल गुप्ता, डॉ. शिवशंकर झंवर, डॉ. विजय तुंदवाल, डॉ. मनोज माली, डॉ. बाबूलाल मीणा, डॉ. सुभाष गौड़, डॉ. गौतम लूणिया आदि ने उन्हें बधाई दी।

पिछले करीब 12-13 साल से अधीक्षक पद के लिए इंटरव्यू नहीं हुए हैं। सरकार ने पिछले साल दो बार आवेदन मांगे, लेकिन इंटरव्यू नहीं किए। बीकानेर से डॉ. वर्मा के अलावा डॉ. बी.एल. खजोटिया और डॉ. सोनाली धवन ने भी आवेदन कर रखा है। पीबीएम हॉस्पिटल में मरीजों के लिए हेल्पलाइन सेवा शुरू होगी।

## सार-समाचार

### परिवहन निरीक्षकों की हड़ताल



परिवहन निरीक्षकों और आरटीओ, डीटीओ की पेन डाउन हड़ताल से सुना पड़ा बीकानेर परिवहन कार्यालय।

**बीकानेर,** (कासं)। धौलपुर परिवहन विभाग के दो परिवहन निरीक्षकों को अवैध हिरासत में लिए जाने के विरोध में आज प्रदेश भर के परिवहन निरीक्षक संघ का चौथे दिन जयपुर के शहीद स्मारक पर धरना दिया गया। हड़ताल के समर्थन में प्रदेश के सभी परिवहन कार्यालयों के आरटीओ, एआरटीओ,डीटीओ ओर मंत्रालयिक कार्मिकों ने पेन डाउन हड़ताल कर परिवहन निरीक्षकों की हड़ताल को समर्थन किया। वहीं अनेक सरकारी गैर सरकारी संगठनों ने भी सामूहिक अवकाश लेकर हड़ताल को समर्थन दिया। आज प्रदेश भर के परिवहन कार्यालयों में जहां वाहन पंजीयन, फिटनेस,परमिट, टैक्स ओर ड्राइविंग लाइसेंस जैसे महत्वपूर्ण काम बिल्कुल बंद रहे। वहीं बीकानेर प्रादेशिक परिवहन कार्यालय में परमिट, वाहन ट्रांसफर, टैक्स और चालान शाखा की विंडो तक नहीं खुली। ड्राइविंग लाइसेंस शाखा में तो पिछले चार दिन से लाइसेंस रिन्युअल, डुप्लीकेट ओर परमानेंट ड्राइविंग टेस्ट से जुड़े काम ठप पड़े है। आज अधिकारियों ओर कार्मिकों की पेन डाउन हड़ताल के कारण पूरी तरह परिसर में सन्नाटा छाया रहा। उधर हर माह सात तारीख को बसों का टैक्स भरने की अंतिम तारीख होती है, लेकिन उसके लिए भी कोई विंडो खुली नहीं दिखाई दी। बस ऑपरेटर टैक्स जमा करवाने के लिए भटकते रहे। इस प्रकार परिवहन निरीक्षकों के आंदोलन के कारण पिछले चार दिनों से परिवहन विभाग को करोड़ों रूपए राजस्व का उठाना पड़ रहा है। इधर यातायात अधिवक्ताओं में एडवोकेट हरिराम जालप, ओमप्रकाश गोदारा, पी. सी. पूनिया, बनवारी लाल सींगड़,अमित शर्मा और गौरीशंकर सांखला ने राज्य सरकार को पत्र लिखकर परिवहन निरीक्षकों की लगातार चल रही हड़ताल का जल्द समाधान निकालने का अनुरोध किया है। एडवोकेट हनुमान शर्मा के अनुसार हड़ताल से सरकार को राजस्व नुकसान के साथ- साथ आमजन को खासा परेशानी उठानी पड़ रही है। अतः परिवहन निरीक्षकों की जायज मांगों को मानकर पब्लिक हित में परिवहन निरीक्षकों के आंदोलन को समाप्त करवाने की मांग की।

### अवैध खनन सामग्री से भरा ट्रक जब्त



बिना ई-रवन्ना अवैध खनन सामग्री से भरे ट्रक को एडीएम रमेश देव ने सीज कराया।

**बीकानेर,** (कासं)। अतिरिक्त जिला कलेक्टर (नगर) रमेश देव द्वारा शुक्रवार को बिना ई-रवन्ना अवैध खनन सामग्री से भरे हुए ट्रक को जब्त करवाया गया। रमेश देव ने बताया कि शोभासर-नाल रोड पर विजिट के दौरान उन्होंने यहां से एक ट्रक गुजरते हुए देखा। जांच करने पर ट्रक के साथ ई-रवन्ना नहीं पाया गया। इसे गंभीरता से लेते हुए उन्होंने पुलिस और खान विभाग के सहयोग से इसे सीज करवाया। इसे नाल पुलिस थाने को सौंप दिया गया है तथा खान विभाग द्वारा इसके विरूद्ध नियमानुसार जुर्माना लगाया जायेगा। उन्होंने कहा कि जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार अवैध खनन, ओवरलोड और नियम विरूद्ध परिवहन पर सख्त कार्यवाही की जा रही है। इसे आगे भी जारी रखा जायेगा।

### रेहाना रियाज ने की जनसुनवाई

**हनुमानगढ़,** (कासं)। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेहाना रयाज चिश्ती ने शुक्रवार को हनुमानगढ़ जिले के सर्किट हाउस में जनसुनवाई की। इस दौरान कई महिलाओं ने अपनी समस्याएं रखी। जनसुनवाई में पूर्व पार्षद प्रमिला सोनी ने एक चौंकाने वाला मामला सामने रखा। उन्होंने बताया कि 2 जून को उनके पति ओमप्रकाश को पुरानी रंजिश के चलते राजकुमार नामक व्यक्ति ने कार से टक्कर मारी और उन्हें बोनट पर घसीटते हुए ले गया। आरोपी अभी भी जान से मारने की धमकी दे रहा है। एक अन्य पीडिता संतोष ने दहेज प्रताड़ना का मामला उठाया। उसने बताया कि शादी के बाद ससुराल वालों ने दहेज की कमी का हवाला देकर घर से निकाल दिया। कई बार पंचायत और पुलिस में शिकायत करने के बाद कोई कार्रवाई नहीं हुई।

# सिंचाई पानी नहीं मिलने से फसलें सूखने लगी, किसानों में रोष

**बीकानेर,** (कासं)। श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, बीकानेर, चूरू और जैसलमेर समेत कई जिलों में खड़ी गेहूं, चना और सरसों की सफल मुरझाने लगी हैं। फसल मुरझाते देख किसानों के चेहरे पर गुस्सा बढ़ रहा है। गुस्से का इजहार भी शुरू हो गया। हैरानी इस बात की सरकार अभी तक किसानों के गुस्से को समझ नहीं रही। 2005 का घड़साना आंदोलन जिसने देखा वो किसानों के गुस्से की तासीर को समझ रहा है। जानकार कहते हैं कि अगर सरकार चाहे तो केन्द्र सरकार से दबाव डालकर एक बारी पानी ले सकती है।

- **सरकार अभी तक किसानों के गुस्से को समझ नहीं रही, 2005 का घड़साना आंदोलन जिसने देखा वो किसानों के गुस्से की तासीर को समझ रहा है**

पश्चिमी राजस्थान के किसानों के गुस्से को काबू करने और फसलों के साथ मुरझा रहे किसानों के चेहरों पर राहत की फुहार लाने की चाबी पंजाब के पास है। उसके लिए सीएम भजनलाल शर्मा को पंजाब के सीएम से बात करनी होगी। एक दिन पहले पूर्व सिंचाई मंत्री देवी सिंह भाटी ने मुख्यमंत्री और उनके अधिकारियों को यहां की जमीनी हकीकत बताई। तब सीएम ने सिंचाई सचिव अभय कुमार को इस पर काम करने के लिए कहा। मगर जानकार कहते हैं कि अब मामला सिंचाई सचिव के स्तर का नहीं रहा। खुद मुख्यमंत्री को केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री और पंजाब के मुख्यमंत्री से बात करके ही पानी लेना होगा।

पश्चिमी राजस्थान को अगर एक बारी पानी और नहीं मिला तो गेहूं तो दूर सबसे कम पानी में पकने वाली सरसों और चने की फसल भी सूख जायेगी। अगर रबी की फसल सूखी तो किसान जरूर आंदोलित होंगे। वजह ये कि खरीफ की मूंगफली फसल की ही तुलाई नहीं हुई। अकेले बीकानेर के करीब 32 हजार किसानों की मूंगफली की तुलाई नहीं हुई। वजह बारदाने की कमी और खरीद केन्द्रों पर हो रहा भ्रष्टाचार है। अब सिंचाई पानी ना मिलने से किसानों का धैर्य अगर टूटा तो सरकार को मुश्किल हो जायेगी। भाटी पश्चिमी राजस्थान के जमीनी नेता हैं। उन्होंने आंदोलन की नब्ज पहचान ली और सरकार को आगाह भी कर दिया। अब सरकार पर निर्भर है कि वह पानी कैसे किसानों को मुहैया कराती है।

## शादी में जा रहे युवक से लूट

**नोखा।** यहां एक शादी समारोह में जा रहे व्यक्ति से 6 बदमाशों ने लूटपाट की घटना को अंजाम दिया। मामले को लेकर पीडित कानीराम जाट ने नोखा थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

जब कानीराम साई बाबा मंदिर के पास से गुजर रहे थे। इसी दौरान दो मोटरसाइकिल पर सवार 6 बदमाश, जिनमें मनीष दिलोहिया और संदीप बिश्नोई समेत 4 अन्य लोग शामिल थे, ने उनकी गाड़ी को आगे-पीछे से घेरकर रोक लिया। बदमाशों ने पहले नशे के लिए पैसे मांगे।

जब कानीराम ने देने से मना किया, तो लाठी और सरियों से उन पर हमला कर दिया। हमलावरों ने कानीराम की जेब से 3,000 रुपए छीन लिए और उनके गले से सोने का फूलडा भी तोड़ लिया। कानीराम के साथ मौजूद उनके भाई राकेश को भी बदमाशों ने मारने की कोशिश की।

फरार होते समय बदमाशों ने धमकी दी कि अगर आगे से पैसे नहीं दिए तो जान से मार देंगे।

# अवैध खनन करने पर 46 लाख का जुर्माना

**बीकानेर,** (कासं)। जिले की खाजूवाला तहसील के गांव 40 केजेडी में अवैध खनन पाये जाने पर जिला कलेक्टर ने 46 लाख रूपए का जुर्माना लगाया है।

- **खाजूवाला में अवैध खनन मामले पर कलेक्टर ने की कार्रवाई**

अर्से से इस क्षेत्र में अवैध खनन किया जा रहा था, जिसके बाद मामला कलेक्टर नम्रता वृष्णि के पास पहुंचा तो जुर्माना लगा दिया गया। साथ ही एमडीआर एक्ट के तहत मामला भी दर्ज कराया गया है। खाजूवाला उपखंड अधिकारी रमेश कुमार ने बताया कि राजस्व और खनन विभाग के अधिकारियों के संयुक्त दल द्वारा मौके पर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में दो स्थानों पर ताजा खनन के गड्ढे पाए गए, जिनकी जीपीएस से लोकेशन ली गई। जांच दल द्वारा 20 हजार रूपए कंपाउंड राशि सहित कुल 46 लाख 29 हजार 740 रूपए का जुर्माना लगाया गया है।

निरीक्षण के दौरान मौके पर मशीनरी वाहन औजार नहीं मिले। मौके पर हुआ खनन एमएमडीआर एक्ट 1957 की धारा 4/21 के उल्लंघन के तहत पाया गया। कार्रवाई करते हुए संबंधित के विरूद्ध जुर्माना लगाकर अवैध खनन की मौका रिपोर्ट करते हुए राजस्व अधिकारी को भिजवाए गए हैं। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने बताया कि अवैध खनन के खिलाफ सख्त कार्रवाई सतत रूप से की जायेगी। बीकानेर के कोलायत व खाजूवाला क्षेत्र में भारी मात्रा में अवैध खनन हो रहा है। माइनिंग डिपार्टमेंट आये दिन कार्रवाई करता है। इसके बाद भी अवैध खनन रूक नहीं रहा। ऐसे में अब प्रशासन ने सख्त कार्रवाई शुरू की है।

# फोन कर बुला किया जानलेवा हमला

**नोखा,** (कासं)। एक व्यक्ति को फोन कर बुलाकर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है।

पीड़ित बाबूसिंह राजपूत ने नोखा थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। रिपोर्ट में बताया कि वह सोमलसर से नोखा आया था। जहां सांगूसिंह नाम के व्यक्ति ने फोन कर रिश्तेदारी का हवाला देते हुए बुलाया था। नागौर रोड स्थित महादेव होटल पर सांगूसिंह, महेंद्र सिंह कक्कू और एक अन्य व्यक्ति मिले। बातचीत के दौरान बाबूसिंह को शक हुआ और वह वहां से जाने लगे। आरोपियों ने उसे पकड़कर जबरन अपनी बोलेरो में ले जाने की कोशिश की। बाबूसिंह किसी तरह वहां से भागने में सफल रहे और अपनी गाड़ी लेकर कन्हैयालाल पेट्रोल पंप तक पहुंचे।

- **हॉकी-लाठी से चोट लगने से एक आंख की रोशनी गई, मामला दर्ज**

आरोपियों ने पेट्रोल पंप पर बोलेरो से उनकी गाड़ी को रोका और हॉकी-लाठी से हमला कर दिया।

हमले में बाबूसिंह की एक आंख पर गंभीर चोट आई और खून बहने लगा। आरोपियों ने उनका मोबाइल भी छीन लिया। चिकित्सकों के अनुसार हमले में बाबूसिंह की एक आंख की रोशनी हमेशा के लिए चली गई है। पुलिस ने अपहरण के प्रयास और गंभीर चोट पहुंचाने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## रेप का आरोपी गिरफ्तार

**नोखा,** (कासं)। पुलिस ने नाबालिग लड़की के साथ रेप के आरोपी को जोधपुर से गिरफ्तार किया।

थानाधिकारी अमित कुमार ने बताया कि पीड़िता ने 3 फरवरी को अपने माता-पिता के साथ थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि अलाय निवासी किशोर वाल्मीकि पीड़िता को बहला-फुसलाकर जोधपुर ले गया जहां उसके साथ रेप किया। आरोपी पीड़िता की अश्लील तस्वीरें वायरल करने की धमकी भी दे रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने विशेष टीम का गठन किया। टीम ने मुखबिर की सूचना के आधार पर गुरूवार को बस्सी बास अलाय से आरोपी किशोर वाल्मीकि को गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

# पत्नी को मनाने गए वकील पर ससुराल में तलवार से हमला

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। नाराज पत्नी को मनाने गए अधिवक्ता पर ससुराल वालों ने जानलेवा हमला कर दिया। पीड़ित अधिवक्ता को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

लालगढ़ जाटान पुलिस ने पर्चा बयान पर मुकदमा दर्ज किया है। घटना लालगढ़ थाना क्षेत्र के चक बादल में हुई। पीड़ित कालिया रोड रामदेव कॉलोनी निवासी अधिवक्ता अजायब सिंह पुत्र अजमेर सिंह ने बताया कि उसकी पत्नी के साथ तीन से चार माह से नाराजगी चल रही थी। परिवारिक सदस्यों ने समझौता करवाने के प्रयास किए। पीड़ित अपने पिता के साथ ससुराल गया तो वहां स्वयं को प्रधान बता रहे एक व्यक्ति ने पीड़ित पर तलवार से हमला कर दिया। मौके पर मौजूद कई महिलाओं ने उसके बाल पकड़ लिए और मारपीट की। पडौस में रहने वाले फौजी ने मौके पर पहुंचकर बीच बचाव किया। पीड़ित अधिवक्ता अजायब सिंह ने बताया कि उसकी पत्नी पीड़ित के साथ ससुराल में आने को तैयार हो गई थी। लेकिन पंचायत के नाम पर एक व्यक्ति ने पहले माफी मांगने मंगवाने की जिद की। इसके बाद उससे गाली गलौज की और हमला कर दिया।

- **ससुराल में एक व्यक्ति ने तलवार से हमला कर दिया**

वहीं गंगानगर कलेक्ट्रेट के एक कर्मचारी पर एक युवा अधिवक्ता से मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित अधिवक्ता की ओर से कोतवाली में मुकदमा दर्ज करवाया गया है। पीड़ित शिवम एन्क्लेव निवासी प्रेटी सिंह ने बताया कि वे बार एसोसिएशन के पंजीकृत अधिवक्ता हैं और चैम्बर नंबर बी 76 में ऑफिस है। परिवादी सांख्यिकी शाखा में जन्म प्रमाण पत्र में नाम बदलवाने के संबंध में जानकारी लेने को गया था। वहां मौजूद कर्मचारी विनोद गुप्ता ने जानकारी देने से मना कर दिया। परिवादी वहां से लौटने लगा और कलेक्टर से शिकायत करने की बात कही। इससे आरोपी नाराज हो गया और ऑफिस में पड़ी स्टील की पाइप से परिवादी पर हमला कर दिया।

# अमेरिका से भारतीयों को बेड़ियों में बांधकर भेजने पर यूथ कांग्रेस का विरोध-प्रदर्शन

**बीकानेर,** (कासं)। अमेरिका से डिपोर्ट करते हुए भारतीय नागरिकों के पैरों और हाथों में जंजीर बांधने के मुद्दे पर यूथ कांग्रेस ने बीकानेर में विरोध-प्रदर्शन किया। इस दौरान कलेक्ट्रेट में घुसने का प्रयास कर रहे कार्यकर्ताओं पर पुलिस ने हल्का बल प्रयोग किया। कुछ कार्यकर्ताओं के चोटें भी आई, जिन्हें पीबीएम अस्पताल के ट्रोमा सेंटर ले गए।

देहात कांग्रेस अध्यक्ष बिशनाराम सियाग के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। कांग्रेस नेता शुक्रवार दोपहर जैसे ही कलेक्ट्रेट के पास पहुंचे। पुलिस ने बेरिकेड्स से रास्ता बंद कर दिया। कार्यकर्ता भी पूरे जोश में थे और बेरिकेड्स को धक्का देकर आगे निकलने लगे। पुलिस और आरएएसी के जवानों को ये अहसास ही नहीं था कि कार्यकर्ता इतनी तेज गति से अंदर घुसने का प्रयास करेंगे। जब कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बेरिकेड्स को धक्का दिया। तब एक-दो जवान बेरिकेड्स के नीचे आ गए। पुलिस और आरएसी के जवान संभले और कार्यकर्ताओं को पीछे धकेलने का प्रयास किया। कार्यकर्ताओं ने विरोध करते हुए बार-बार अंदर जाने का प्रयास किया। पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। इस दौरान कुछ कार्यकर्ताओं के हाथ और सिर में चोट आई। देहात कांग्रेस अध्यक्ष बिशनाराम सियाग ने आरोप लगाया कि पुलिस ने निर्ममता के साथ यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर हमला किया।



अमेरिका डिपोर्ट मुद्दे पर बीकानेर में यूथ कांग्रेस का प्रदर्शन, पुलिस के लाठीचार्ज में कई युवा नेता घायल हो गए।

- **पुलिस ने लाठीचार्ज कर धकेला, कई युवा नेता घायल**

घायल कार्यकर्ताओं पर भी लाठीचार्ज किया गया जिससे कुछ लोगों को गंभीर चोट आई है। सियाग ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार प्रदेश और देश के यूथ का अपमान कर रही है। अमेरिका में भारतीय युवाओं को जिस तरह बेइज्जत करके निकाला गया, उससे साफ है कि प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका के दबाव में है।

## खेमराज समिति की रिपोर्ट का विरोध

**बीकानेर,** ( कासं )। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के बैनर तले बीकानेर में शुक्रवार जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय पर जिलाध्यक्ष पृथ्वीराज लेघा व जिला महामंत्री मनोज सुथार के नेतृत्व में 11 सूत्री मांग पत्र के पक्ष में व खेमराज चौधरी समिति की रिपोर्ट के विरोध में होली जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्य सचिव राजस्थान सरकार को ज्ञापन भिजवाया।

महासंघ के जिलाध्यक्ष पृथ्वीराज लेघा ने बताया कि महासंघ का 11 सूत्री मांग पत्र लम्बे समय से सरकार के पास विचाराधीन है। लेकिन मांग पत्र की मांगों पर सरकार की संवादहीनता व संवेदनहीनता आश्चर्यजनक है। इसके साथ ही खेमराज चौधरी समिति की रिपोर्ट में अधिनस्थ सेवाओं के 8 लाख कर्मचारियों के वित्तीय एवं प्रशासनिक हितों की उपेक्षा की गई हैं जिससे कर्मचारियों में निराशा एवं आक्रोश व्याप्त हैं।


**बीकानेर नगर निगम**

नगर निगम मार्ग, बीकानेर (राजस्थान) फैक्स :- 0151-2226906, फोन :- 0151-2226902, 0151-2226905
E-Mail Address :- nagarnigambikaner@gmail.com, Web Site :- www.bikanermc.org

क्रमांक / निर्माण / 2024-25 / 2367 दिनांक 05.02.2025

**ई- निविदा-सूचना सं0 98/2024-25**

नगर निगम बीकानेर की ओर से विभिन्न कार्यो (कुल 01 कार्य) के लिये केन्द्र व राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों में "ऐऐ", "ऐ" श्रेणी में पंजीकृत संवेदको एवं नगर निगम में उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूमेंट प्रक्रिया से ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट www.bikanermc.org Web site www.SPPP.raj.nic.in से व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

निविदा की कुल लागत 10.00 लाख
UBN Number :- DLB2425WSOB16418

आयुक्त
नगर निगम, बीकानेर

राज.संवाद / सी / 24 / 11322



प्रपत्र संख्या7 (देखिये नियम21)
कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, बीकानेर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18(2)के अधीन

मु.नं.08/2025/166 सर्वसाधारण को सूचनार्थ दिनांक:-6.2.25

नोटिस समस्त संबंधित व्यक्तियों को (नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)

चूकि श्री सुरेन्द्र कुमार नागल पुत्र श्री भतमल नागल, डागा गेस्ट हाउस के पीछे, बीकानेर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अंतर्गत उमादेवी भाटमल नांगल मेमोरियल चेरिटेबल ट्रस्ट, बीकानेर प्रन्यास के संबंध में जाच किये जाने के लिये आवेदन पत्र दिया है। एतएव अधिनियम की धारा 18 की उपधारा(2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त, जिसकी जाच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियो के नाम व्यापक जानकारी के लिये यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के संबंध मे आपत्ति यदि कोई हो, प्रस्तुत करे। और यह भी सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त अवधि के भीतर कोई आपत्तियों प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निष्कर्ष किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जायेगा। आज दिनांक 05.02.2025 को मेरे हस्ताक्षर व कार्यालय की मोहर के अधीन जारी किया गया प्रकरण की सुनवाई दिनांक 07.04.2025 निश्चित है।

सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग बीकानेर



प्रपत्र संख्या7 (देखिये नियम21)
कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, बीकानेर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18(2)के अधीन

मु.नं.09/2025/155 सर्वसाधारण को सूचनार्थ हेतु दिनांक:-6.2.25

नोटिस समस्त संबंधित व्यक्तियों को (नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)

चूकि श्री कन्हैयालाल पाण्डे पुत्र श्री गोविन्दराम निवासी संस्कृत कॉलेज रोड़ हैप्पी स्कूल के पास रानी बाजार बीकानेर राजस्थान सार्वजनिक प्रन्याास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अंतर्गत डॉ.हेडगेवार स्मृति सेवा प्रन्यास बीकानेर प्रन्यास के संबंध में जांच किये जाने के लिये आवेदन पत्र दिया है। एतएव अधिनियम की धारा 18 की उपधारा(2) द्वारा प्रदत्त शक्तियो के प्रयोग में उपर्युक्त, जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियो के नाम व्यापक जानकारी के लिये यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के संबंध मे आपत्ति यदि कोई हो, प्रस्तुत करे और यह भी सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त अवधि के भीतर कोई आपत्तियों प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निष्कर्ष किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जायेगा। आज दिनांक 05.02.2025 को मेरे हस्ताक्षर व कार्यालय की मोहर के अधीन जारी किया गया प्रकरण की सुनवाई दिनांक 07.04.2025 निश्चित है।

सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग बीकानेर